**उत्पाद मैनुअल के लिए**

**परिसर की सुरक्षा हेतु मॉड्यूलर पैनल- विशिष्टि**

**IS 17541: 2021 के अनुसार**

***इस उत्पाद मैन्युअल का उपयोग सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों और लाइसेंसी द्वारा संदर्भ सामग्री के रूप में किया जाए ताकि विभिन्न उत्पादों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की स्कीम -I (अनुरूपता मूल्यांकन) विनियम, 2018 के अंतर्गत प्रमाणन प्रचालन रीति में सुसंगति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस दस्तावेज का उपयोग बीआईएस प्रमाणीकरण अनुज्ञप्ति / प्रमाणपत्र प्राप्त करने के इच्छुक भावी आवेदकों द्वारा भी किया जा सकता है।***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **उत्पाद** | : | IS 17541: 2021 |
| | **शीर्षक** | : | परिसर की सुरक्षा हेतु मॉड्यूलर पैनल- विशिष्टि |
| | **संशोधनों की संख्या** | : | शून्य |
| | | | |
| 2. | **नमूने लेने हेतु दिशा-निर्देश :** | | |
| क) | **कच्ची सामग्री** | : | - |
| ख) | **समूहीकरण हेतु दिशा-निर्देश** | : | कृपया अनुबंध ‘क’ देखें |
| ग) | **नमूने का साइज** | : | तैयार किए जाने वाले पैनलों की संख्या पैनल के डिज़ाइन और रेखा चित्र के साथ साथ समुच्चय पर निर्भर करता है। (सभी सीवन और जोड़ों सहित अग्रभाग, किनारे, कॉर्नरों और सीलिंग जोडों का परीक्षण किया जाएगा।) |
| | | | |
| 3. | **परीक्षण उपस्करों की सूची** | : | कृपया अनुबंध ‘ख’ देखें |
| | | | |
| 4. | **निरीक्षण एवं परीक्षण की योजना** | : | कृपया अनुबंध ‘ग’ देखें |
| | | | |
| 5. | **एक दिन में किए जाने वाले संभावित परीक्षण :** | | |
| | **(i)** खंड **5** के अनुसार आयामों<br>**(ii)** खंड **8** के अनुसार निर्माण एवं सामान्य अपेक्षाएं<br>**(iii)** खंड **9** के अनुसार फिटिंगों<br>**(iv)** खंड **10** के अनुसार परिसज्जा | | |
| 6. | **अनुज्ञप्ति का विषय-क्षेत्र :** | | |
| | “अनुज्ञप्ति निम्नलिखित विषय क्षेत्र सहित आईएस IS 17541: 2021 के अनुसार मानक मुहर प्रयुक्त करने के लिए प्रदान की जाती है: | | |
| | उत्पाद का नाम | | परिसर की सुरक्षा हेतु मॉड्यूलर पैनल |
| | टाइप | | सत्त डिजाइन पैनल<br>विभंग्त डिजाइन पैनल |
| | वर्ग | | सी, बी, ए, एए, एएए |
| | रेखा-चित्र | | अनुमोदित रेखा-चित्र को रिकार्ड में रखा जाएगा और रेखा-चित्र नगों को पृष्ठांकित किया जाएगी। |

## अनुबंध - क

## समूहीकरण के दिशा-निर्देश

1. मानक परिसर की सुरक्षा हेतु मॉडयूली पैनल के निम्नलिखित वर्गीकरण को समाविष्ट करता है -

क) **टाइप** : सत्त डिजाइन पैनल (कमरे की पुरी लंबाई); और
विभंग्त डिजाइन पैनल (कमरे की पुरी लंबाई के लिए दो या दो से अधिक खण्ड)

ख) **वर्ग** : C, B, A, AA & AAA

2. मॉडयूली पैनल समुच्चय के रेखा-चित्र/डिजाइन, जोडों के प्रकार और संख्या, निर्माण की सामग्री एवं सामग्री की मोटाई के रुप में संपूर्ण वॉल्ट की मज़बूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

3. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्रदत्त लाइसेंस/ अनुज्ञप्ति के विषय-क्षेत्र में परिवर्तन पर विचार करने हेतु सभी अपेक्षाओं के लिए अलग से प्रकार और प्रत्येक श्रेणी के नमूने का परीश्रण किया जाएगा।

4.अनुज्ञप्ति प्रचालन के दौरान, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुज्ञप्ति में शामिल सभी किस्मों का परीक्षण यथा संभव आवर्तन में हो।

**अनुबंध - ख**

**परीक्षण उपस्करों की सूची**

***भारतीय मानक के अनुसार परीक्षण के लिए आवश्यक प्रमुख परीक्षण उपस्कर***

| **क्रम संख्या** | **खंड संदर्भ के साथ प्रयोग में आने वाले परीक्षण** | **परीक्षण उपकरण** |
|---|---|---|
| 1 | खंड **5** के अनुसार आयाम और खंड **8** के अनुसार निर्माण एवं सामान्य अपेक्षाएं | • इस्पात स्केल<br>• मापन टेप<br>• वर्नियर कैलिपर |
| 2 | खंड **10** के अनुसार परिसज्जा | • लेपन सघनता गेज |
| 3 | खंड **10.1** के अनुसार क्रॉस हैच परीक्षण | • नुकीला धातू पॉइन्टर<br>• सीधा किनारा<br>• 20mm या उस से अधिक चौडाई की पारदर्शी आसंजन टेप<br>• स्टॉप वॉच |

**उपरोक्त सूची केवल सांकेतिक है और इसे संपूर्ण न माना जा**

**<u>अनुबंध - ग</u>**

**<u>निरीक्षण और परीक्षण स्कीम</u>**

**1. प्रयोगशाला** - प्रयोगशाला का अनुरक्षण इस प्रकार किया जाए जिसमें उपयुक्त उपकरण (तालिका 1 के कॉलम 2 में दी गई अपेक्षा के अनुसार) और दक्ष कर्मचारी तैनात हों, जहॉ विशिष्टि में दी गई पद्धतियों के अनुसार विशिष्टि में उल्लिखित विभिन्न परीक्षण किए जाएं।

**1.1** निर्माता परीक्षण उपस्कर हेतु एक अंशशोधन योजना तैयार करे।

**2. परीक्षण रिकॉर्ड** - विनिर्माता अनुरूपता स्थापित के लिए किए गए परीक्षणों का रिकॉर्ड अनुरक्षित करेगा।

**3. लेबल लगाना और चिन्हांकन** - IS 17541:2021 के खंड **12** में दी गई अपेक्षाओं के अनुसार।

**4. नियंत्रण इकाई** – एक ही सप्ताह में निर्मित, समान श्रेणी और टाइप के सामान्य जोड वाले मॉड्यूलर पैनल एक नियंत्रण इकाई होंगे।

**5. नियंत्रण के स्तर** - तालिका 1 के कॉलम 1 में उल्लिखित परीक्षण और तालिका 1 के कॉलम 3 में नियंत्रण स्तर कारखाने के उस संपूर्ण उत्पादन पर किए जाएं जो इस योजना में शामिल हैं और उपर्युक्त खंड 2 के अनुसार उचित रिकॉर्ड रखा जाए।

**5.1** सभी उत्पादन जो भारतीय मानकों के अनुरूप हैं और अनुज्ञप्ति में शामिल किए गए हैं, उन्हें मानक मुहर से मुहरांकित किया जाए।

**6. अस्वीकरण** - गैर-अनुरुपता वाले उत्पाद का निपटान इस प्रकार किया जाए जिससे कि यह सुनिश्चित हो कि बीआईएस अधिनियम, 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन न हुआ हो ।

**तालिका 1**

| (1) | | | | (2) | (3) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **परीक्षण विवरण** | | | | **अनुमत परीक्षण उपस्कर अपेक्षा अ: अपेक्षा (या) उ:उप अनुबंधित** | **नियंत्रण के स्तर** | | |
| **खंड** | **अपेक्षाएं** | **परीक्षण पद्धतियाँ** | | | **नमूनों की संख्या** | **आवृति** | **टिप्पणियाँ** |
| | | **खंड** | **संदर्भ** | | | | |
| **6** | सामग्री | **6** एवं तालिका 1 | विनिर्माता के घोषणा-पत्र के अनुसार | उ | एक | प्रत्येक खेप | विनिर्माता द्वारा टाइप अनुमोदन के समय घटकों के लिए प्रयुक्त सामग्री के क्रान्तिक गुणता पैरामीटरों की घोषणा की जाएगी और तदनुसार रिकार्ड अनुरक्षित किए जाएंगे।<br><br>यदि घोषित सामग्री परीक्षण प्रमाणपत्र या आईएआई मुहरांकित प्राप्त होती है तो किसी और परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। |
| **5** | आयाम | विनिर्माता के घोषणा-पत्र के अनुसार | | अ | एक | प्रत्येक नियंत्रण इकाई | |
| **8** | निर्माण एवं सामान्य अपेक्षाएं | **8.1** से **8.3** | IS 17541 : 2021 | अ | एक | प्रत्येक नियंत्रण इकाई | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **9** | फिटिंग | **9** | IS 17541 : 2021 | अ | एक | प्रत्येक नियंत्रण इकाई | |
| **10** | परिसज्जा | **10** | IS 17541 : 2021 | अ | एक | प्रत्येक नियंत्रण इकाई | |
| **10.1** | क्रॉस हैच | **10.1** | IS 17541 : 2021 | अ | एक | प्रत्येक नियंत्रण इकाई | |
| **11** | सेंधमारी प्रतिरोध | **5** | IS 11188 (भाग 2) | उ | एक | 7 वर्ष | इन परीक्षणों को टाइप परीक्षण माना जाता है और डिजायन के साथ साथ जब भी डिजाइन में बदलाव हो तब प्रारंभिक अनुमोदन किया जाएगा। इन परीक्षणों को सात वर्ष में एक बार इस प्रकार संचालित किया जाएगा कि अनुज्ञप्ति में समाविष्ट पूर्ण उत्पाद रेंज का परीक्षण कम से कम सात वर्षों में एक बार हों। |

नोट-1 : 1-ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या ब्यूरो द्वारा सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाओं के लिए उपसंविदा की अनुमति है।-

नोट-2 **:** कॉलम 3 में दिए गए नियंत्रण स्तर केवल संस्तुति प्रकृति के है। निर्माता नियंत्रण इकाई/बैच/लॉट को निर्धारित कर सकता है और शाखा कार्यालय के प्रमुख द्वारा अनुमोदन के लिए उचित औचित्य के साथ कॉलम 3 में नियंत्रण के अपने स्तर प्रस्तुत कर सकता है।